# ऊमरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, नकली दूध बनाने वाला केमिकल्स पकड़ा

MP न्यूज़, भिण्ड



**राघवेंद्र सिंह :** त्यौहार आते ही बाजार में मिठाई की मांग बढ़ जाती है लेकिन बाजार तक पर्याप्त शुद्ध दूध नहीं पहुंच पाता है। जिसके चलते दूध और मावा की डिमांड बढ़ती चली जाती है और दूध का कारोबार करने वाले नकली दूध एवं मावा का कारोबार फलने फूलने लगता है। नकली दूध और मावा हमारी सेहत के लिए भी हानिकारक होता है इसी को लेकर मध्य प्रदेश सरकार लगातार अभियान चला रही है।

**दूध बनाने वाला पाउडर बरामद**

वहीं आज ऊमरी पुलिस के आरक्षक नारायण के साथ एफ आर वी के ड्राइवर कल्लू बघेल ने मैजिक वाहन क्रमांक MP30 G 1133 के ड्राइवर से पूछा क्या भर रखा है। इस गाड़ी में तो उसने बताया कि चॉकलेट का पाउडर खोलने पर दूध बनाने वाला पाउडर मिला है।

**ऊमरी पुलिस ने की लोडिंग वाहन की चेकिंग**

भिंड जिले के ऊमरी थाना क्षेत्र के नगर परिषद अकोड़ा में सुबह 5:30 बजे ऊमरी पुलिस की एफआरबी किसी इवेंट पर गई हुई थी तभी वापस आते समय एक मैजिक वाहन गुजर रहा था जिस पर एफआरबी में तैनात आरक्षक नारायण ने पूछा कि लोडिंग वाहन में क्या रखा है तो ड्राइवर सर्विस राठौर ने बताया कि इसमें चॉकलेट बनाने का पाउडर रखा है जो भिण्ड के पंडित ट्रांसपोर्ट से लेकर अकोड़ा के इंदल दूधिया के यहां ले जाया जा रहा है। जिसके बाद ऊमरी पुलिस ने लोडिंग वाहन की चेकिंग की तो उसमें 25 बोरी ग्लूकोस पाउडर एक बोरी सोडियम थायो सल्फेट हाइपो एवं एक ड्रम पकड़ा ड्राइवर सर्वेश राठौर पुत्र तेज सिंह राठौर निवासी सुभाष नगर भिण्ड के साथ उसका मित्र आशीष और पंकज पिता जगदीश राठौर भी पुलिस ने थाने में बैठा लिया है।

पुलिस की माने तो इस केमिकल से से नकली दूध एवं  मावा तैयार किया जाता है। दीपावली त्यौहार के नजदीक आते ही दूध एवं मावा की डिमांड बढ़ जाती है। इसी को लेकर दूध का कारोबार करने वाले नकली दूध बनाने का कार्य तेजी से कर देते हैं।

Source: https://swarajdigital.in/mp-news/Big-action-by-Oomri-police